**स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर इंटर्न डॉक्टरों का प्रदर्शन**

# मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ रहे छात्रों को पुलिस ने रोका, वाटर कैनन का प्रयोग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हमीदिया अस्पताल के इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च कर रहे इंटर्न डॉक्टरों को पुलिस ने सीएम हाउस से करीब 200 मीटर पहले रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के बीच झड़प की स्थिति बनी और पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें वर्तमान में 14 हजार 337 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर कम से कम 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की जा रही है। डॉक्टरों ने कहा कि सरकार की ओर से पहले मौखिक आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक स्टाइपेंड में वृद्धि नहीं की गई। प्रदर्शनकारी डॉक्टर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर अपनी मांग रखने के लिए मुख्यमंत्री निवास की ओर जा रहे थे। पुलिस द्वारा रोकने के बाद डॉक्टरों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस हुई। इंटर्न डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ मारपीट और लाठीचार्ज किया, जिससे कुछ छात्र घायल हुए। प्रदर्शन के दौरान मोती मस्जिद चौराहे पर भी डॉक्टरों को रोका गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। बाद में पुलिस और छात्रों के बीच बातचीत के बाद सड़क का एक हिस्सा खाली कराया गया। इंटर्न डॉक्टर मोहित मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया गया है, ऐसे में मध्यप्रदेश में भी वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 2000 शासकीय इंटर्न डॉक्टर हैं, जबकि कुल संख्या लगभग 3600 है। प्रदर्शन के दौरान कुछ इंटर्न डॉक्टरों ने हमीदिया अस्पताल के गेट और बैरिकेड तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास भी किया।



## एमपी ट्रांसको में 351 नए कार्मिकों की नियुक्ति

**नप्र, भोपाल :** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने विभिन्न पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी कर प्रथम चरण में 351 नए कार्मिकों को नियुक्ति दी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार यह नियुक्तियां की गई हैं।

नियुक्त किए गए कार्मिकों में द्वितीय श्रेणी के 55 अधिकारी, तृतीय श्रेणी के 173 कर्मचारी और चतुर्थ श्रेणी के 123 कर्मचारी शामिल हैं। ऊर्जा मंत्री ने नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

एमपी ट्रांसको द्वारा ट्रांसमिशन व्यवस्था के संचालन, रखरखाव और विस्तार कार्यों को मजबूत करने के लिए चरणबद्ध तरीके से भर्ती की जा रही है। नवनियुक्त कार्मिकों को आवश्यक तकनीकी और कार्यात्मक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। नियुक्त कर्मचारियों में सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, उपकेंद्र परिचारक, सिविल परिचारक और सर्वेयर परिचारक शामिल हैं।

## ऑपरेशन हमदर्द पुलिस का संवेदनशील चेहरा : राजाबाबू



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने प्रदेश के 548 रेलवे स्टेशनों पर जरूरतमंद और असहाय लोगों का डिजिटल डोजियर तैयार कर उन्हें परिजनों से मिलाने की पहल की है। इसे पुलिसिंग की मानवीय और संवेदनशील पहल बताते हुए रेल विशेष पुलिस महानिदेशक राजाबाबू सिंह ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में विद्यार्थियों से संवाद किया।

गणेश शंकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि रेलवे स्टेशन भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थल हैं, जहां असहाय लोगों और अपराधियों की पहचान चुनौतीपूर्ण होती है। ऑपरेशन हमदर्द के तहत घर से रूठकर या सामाजिक कारणों से स्टेशन पर रह रहे लोगों की पहचान कर उनके परिजनों से मिलाया गया। उन्होंने कहा कि पहचानविहीन या बोलने-समझने में अक्षम व्यक्ति के मामले में सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के माध्यम से घटनाक्रम जोड़कर परिजनों तक पहुंचा जाता है।

उन्होंने पत्रकारिता में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने इसे पुलिस की मानवीय छवि स्थापित करने वाला नवाचार बताया।

## महापौर की गाड़ी में आग लगाने की कोशिश, निगम मुख्यालय में हड़कंप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम मुख्यालय की पार्किंग में खड़ी महापौर मालती राय की अटैच्ड कार में आग लगाने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना सोमवार दोपहर करीब पौने 3 बजे की बताई गई। उस समय महापौर अपने कार्यालय में मौजूद थीं। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सुनील रैकवार निगम मुख्यालय पहुंचा और विरोध प्रदर्शन करते हुए कागजों से भरी पॉलिथीन कार की छत पर रखकर उसमें आग लगा दी। आग लगते ही आसपास मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत पहुंचकर आग बुझाई। इस दौरान एक कर्मचारी का हाथ भी झुलस गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से कार को नुकसान नहीं पहुंचा। बताया गया कि सुनील रैकवार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं और नियमितीकरण की मांग को लेकर नाराज थे। वह कर्मचारी संगठन सम्राट अशोक संगठन के अध्यक्ष भी हैं। घटना के दौरान उन्होंने मंत्री और महापौर के विरोध में नारेबाजी भी की।

### नियमितीकरण सहित कई मांगें

कर्मचारी की मांगों में 29 दिवस वाले कर्मचारियों को स्थायी करने, सभी कर्मचारियों को आठवां वेतनमान देने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराने और नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों से दलालों को दूर करने जैसी मांगें शामिल हैं। घटना के बाद महापौर मालती राय ने निगम मुख्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे। कार को पार्किंग से हटाकर दूसरी जगह खड़ा किया गया। मामले में संबंधित कर्मचारी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि कर्मचारी के एक हाथ में सिरिंज भी लगी हुई थी।

## समयबद्ध निगरानी से मजबूत होगी सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था

**नप्र, भोपाल :** प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुखवीर सिंह ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न बीमारियों की रिपोर्टिंग व्यवस्था और स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मीजल्स, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रिशन, स्नेक बाइट सहित विभिन्न स्वास्थ्य घटनाओं की समयबद्ध रिपोर्टिंग, निगरानी, उपचार और नियंत्रण की कार्यवाही की जानकारी ली। सुखवीर सिंह ने कहा कि सघन एवं समयबद्ध निगरानी प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला है।

## पेसा मोबिलाइजर्स के धरने को नेता प्रतिपक्ष सिंघार का समर्थन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर पिछले 14 दिनों से धरना दे रहे पेसा मोबिलाइजर्स से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आंदोलनरत युवाओं को समर्थन देते हुए भरोसा दिलाया कि उनके न्याय और अधिकार के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी।

श्री सिंघार ने कहा कि प्रदेश के करीब 5,200 पेसा मोबिलाइजर्स को एक झटके में बेरोजगार कर दिया गया। उन्होंने इसे केवल युवाओं के रोजगार का मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका, भविष्य और सम्मान से जुड़ा मामला बताया।

उन्होंने कहा कि पेसा मोबिलाइजर्स 14 दिनों से भोपाल में धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार के पास उनकी बात सुनने तक का समय नहीं है। पेसा मोबिलाइजर्स सरकार और आदिवासी ग्राम सभाओं के बीच महत्वपूर्ण जमीनी कड़ी के रूप में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर ग्राम सभाओं को सक्रिय करने और पेसा कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भूमिका निभाई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम करने वाले कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। पेसा मोबिलाइजर्स ने वर्षों तक कम मानदेय पर गांवों में सेवाएं दीं, लेकिन अब उन्हें हटाया जा रहा है।

## करोंद में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उमड़ा जनसैलाब

**मप्र की बड़ी प्रतियोगिता में गोविंदा टोलियों ने दिखाया उत्साह, विजेता टीम को मिला एक लाख रुपये का पुरस्कार**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर करोंद स्थित भगत सिंह चौराहे पर मध्यप्रदेश की बड़ी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पिछले दो दशकों से आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंची गोविंदा टोलियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता टीम को एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी तथा लघु उद्योग निगम के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह ने पहुंचकर प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित पचौरी ने कहा कि 20 वर्षों से आयोजित यह प्रतियोगिता युवा पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने के साथ महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देती है।

### बॉलीवुड कलाकारों ने बढ़ाई रौनक

कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा, अभिनेता चंकी पांडे और अभिनेता राजपाल यादव की उपस्थिति ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बैतूल, छिंदवाड़ा, सीहोर, जबलपुर, देवास और आष्टा सहित विभिन्न स्थानों से पहुंची गोविंदा टोलियों ने कला, साहस और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

## विधायक रामेश्वर के बयान पर सियासत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के बयान को लेकर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान विधायक ने कहा था कि 'करोंद चौराहे से मिसाइल छोड़ो तो काजी कैंप में जाकर गिरे।' बयान के बाद उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उनका आशय भोपाल के काजी कैंप से नहीं, बल्कि इस्लामाबाद स्थित काजी कैंप से था।

कार्यक्रम में रामेश्वर शर्मा ने हिंदू एकता, राष्ट्रवाद और आतंकवाद जैसे विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि भविष्य में लाहौर, ढाका और इस्लामाबाद में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता होगी। उन्होंने हिंदू समाज से जातिगत आधार पर विभाजित नहीं होने की अपील करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी पहचान हिंदू और भारतीय के रूप में रखनी चाहिए। उन्होंने मातृभूमि के प्रति निष्ठा को हर नागरिक का कर्तव्य बताया।

**पाकिस्तान में भी होगी मटकी फोड़ प्रतियोगिता**



### कांग्रेस ने मांगा जवाब

विधायक के बयान पर कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर अब्बास हाफिज ने मुख्यमंत्री से सरकार का रुख स्पष्ट करने और कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने विधायक की सफाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि इंटरनेट पर पाकिस्तान में काजी कैंप नाम की कोई जगह नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मंच से भोपाल के काजी कैंप जैसे क्षेत्र को लेकर ऐसी टिप्पणी करना निंदनीय है।

## 260 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती नानक मंडल द्वारा रामानंद आश्रम, लालघाटी में सेवा बस्तियों के संस्कार केंद्रों में शिक्षा और संस्कार प्राप्त कर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 260 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज, सागर समूह के सुधीर अग्रवाल, सेवा भारती मध्य प्रांत के सचिव राजेश जैन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य प्रांत सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, स्कूल बैग और शैक्षणिक सामग्री प्रदान की।

समारोह में मेधावी विद्यार्थियों के साथ दानदाताओं, शिक्षिकाओं, निरीक्षकों और पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने कहा कि मेहनत और प्रतिभा को सम्मान मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है।

कार्यक्रम में सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, नवनीत अग्रवाल, नानक मंडल अध्यक्ष चेतन पटेल, सचिव मनोज शर्मा, मुकेश अवस्थी, कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, सह-सचिव तृप्ति अग्रवाल, नानक मंडल प्रभारी प्रद्युम्न गुप्ता, दिनेश पंवार सहित पदाधिकारी, अभिभावक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विमल भंडारी ने किया। आभार उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल लाला भाई ने व्यक्त किया।

### सेवा संकल्प अभियान से जन-जन तक पहुंचेगी मोदी के 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा

**नप्र, भोपाल :** भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने भोपाल और सीहोर में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' की जिला कार्यशालाओं को संबोधित किया। वहीं प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला को सांसद आलोक शर्मा और जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया।

**म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यां.शा./692/2026 भोपाल, दिनांक : 07.09.2026

**निविदा सूचना (द्वितीय एवं तृतीय आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (परियोजना आधारित) अंतर्गत "Development of Horticulture and Food Processing Knowledge Dissemination Centers" कार्य एवं सहकारिता विभाग के माध्यम से पैक्स के लिए 200 मै. टन क्षमता गोदाम निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 21.09.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2406 | Construction work for Development of horticulture and food processing knowledge dissemination center at Govt. Nursery Village-Mudara, Teh.-Niwari, Distt.-Niwari **(2nd Call)** | 73,77,900/- |
| 2. | 2407 | आरकेव्हीवाय योजनान्तर्गत सहकारिता विभाग के लिए धनौरा जिला बैतूल में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 200 मै. टन क्षमता गोदामों के साथ इनपुट शॉप एवं आफिस ब्लॉक के निर्माण कार्य **(3rd Call)** | 33,44,000/- |

नोट :-
1. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/127924/2026 मुख्य अभियन्ता (सि.)

**श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी**
तालुका-राहाता, जिला- अहिल्यानगर- 423109 (महाराष्ट्र)
(Website:- www.sai.org.in, Phone No:-02423-258500,258710)

श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिरडी की ओर से भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'श्रीसाई कीर्तनकार, श्री साई प्रवचनकार और श्री साई कथाकार' की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए हैं। यह उम्मीदवार श्री साईबाबा के शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार का काम करेंगे।

| अ.क्र. | राज्य | पद संख्या | अ.क्र. | राज्य | पद संख्या | अ.क्र. | राज्य | पर संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 03 | 12 | राजस्थान | 01 | 25 | नगालैंड | 01 |
| 2 | तेलंगाना | 03 | 14 | गोवा | 01 | 26 | अरुणाचल प्रदेश | 01 |
| 3 | कर्नाटक | 03 | 15 | केरल | 01 | 27 | सिक्किम | 01 |
| 4 | तमिलनाडु | 03 | 16 | हिमाचल प्रदेश | 01 | 28 | मेघालय | 01 |
| 5 | ओडिशा | 03 | 17 | उत्तराखंड | 01 | 29 | दिल्ली | 01 |
| 6 | महाराष्ट्र | 02 | 18 | झारखंड | 01 | 30 | जम्मू और कश्मीर | 01 |
| 7 | गुजरात | 02 | 19 | छत्तीसगढ़ | 01 | 31 | अंडमान और निकोबार | 01 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 02 | 20 | पश्चिम बंगाल | 01 | 32 | चंडीगढ़ | 01 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 02 | 21 | असम | 01 | 33 | दादरा और नगर हवेली | 01 |
| 10 | बिहार | 02 | 22 | त्रिपुरा | 01 | 34 | लक्षद्विप | 01 |
| 11 | पंजाब | 01 | 23 | मणिपुर | 01 | 35 | पुडुचेरी | 01 |
| 12 | हरियाणा | 01 | 24 | मिजोरम | 01 | 36 | लद्दाख | 01 |

**नियम और शर्तें-**
1) श्री साईबाजा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिरडी द्वारा नियुक्त व्यक्ती को श्री साईसच्चरित और श्री साईबाबा के बारे में गहरी जानकारी होनी आवश्यक हैं। नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ती को भाषा के आधार पर राज्य की नियुक्त किया जाएगा। आवेदक व्यक्ती को अपनी स्थानिक भाषा में श्रीसाईबाबा की मुल्यो और शिक्षाओं का प्रचार और प्रसार करने का कम से कम 10 साल का अनुभव होना अनिवार्य है।
2) आवेदक के खिलाफ कोई क्रिमिनल केस नहीं होना चाहिए; एप्लीकेशन फॉर्म के साथ पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट जमा करनी अनिवार्य होगी।
3) नियुक्त किए जाने वाले प्रचारक का अहम काम होगा के वे अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग जगहों पर श्रीसाई भक्तों तक पहुंचकर श्रीसाईचरित्र के आधारपर श्री साई चरित्र किर्तन, श्री साई प्रवचन, श्री साई सत्संग और श्री साई कथाएँ इसके माध्यम से श्रीसाईबाबा के शिक्षाए और मुल्यों के बारे में जानकारी देना।
4) नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ती को हर महीने कम से कम पाँच श्री साईबाबा के प्रवचन या श्री साईकीर्तन/श्री साईसत्संग या 02 श्रीसाई कथाएँ करने होंगे। एक साई कथा कम से कम तीन दिन की होनी चाहिए।
5) नियुक्त किए जाने वाले प्रचारक व्यक्ती को उनके द्वारा प्रतिमाह कियी गई प्रचार और प्रसार की जानकारी (डायरी) संस्थान में जमा करने के बाद मानधन दिया जाएगा।
6) आवेदन पत्र के साथ अपना पूरा परिचय पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और सभी शिक्षा के कागज, और अनुभव का सर्टिफिकेट/ प्रचार के सबूत/फोटो/डायरी, विज्ञापन इ. की जानकारी सेल्फ अटेस्टेड कॉपी के साथ 'मुख्य कार्यकारी अधिकारी' के नाम से श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था, शिर्डी, ता. राहाता, जिला. अहिल्यानगर, महाराष्ट्र, पीन-423109 इस पते पर दिनांक 30/09/2026 से पहले शिरडी ऑफिस पहुंच जाना चाहिए। आवेदन पत्र का नमूना ऑनलाईन संस्थान के वेबसाईट sai.org.in पर और ऑफलाईन संस्थान के शिर्डी स्थित मंदिर विभाग के कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक उपलब्ध है।
7) अधूरा / देर से भरा आवेदन पत्र (एप्लीकेशन) स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**गोरक्ष गाडीलकर. भा.प्र.से.**
**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**